संक्षिप्त समाचार

50 फीसदी छात्र-छात्राएं पहला सेमेस्टर नहीं कर पाए पास

देहरादून, एजेंसी। वीर शहीद केसरी चंद महाविद्यालय के प्रथम सेमस्टर के परीक्षा परिणाम में करीब 50 फीसदी छात्र-छात्राएं पास नहीं हो पाए हैं। कई का बैक लग गया है। छात्रों ने प्रध्यापकों की कमी को खराब परीक्षा परिणाम का कारण बताया है। उन्होंने दो अप्रैल को श्री देव सुमन विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष बिष्ट ने दावा किया है कि बीए, बीएसी, और बीकॉम पहले वर्ष में क्रमश- 323, 111 और 155 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है। इसमें भी 50 प्रतिशत छात्र परीक्षा पास नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि खराब परीक्षा परिणाम के पीछे कॉलेज में प्राध्यापकों की कमी बड़ा कारण है। कहा कि प्राध्यापक न होने के चलते छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाई। छात्रसंघ अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि छात्रों की परीक्षा की कॉपी ठीक से नहीं जांची गई है, जिसके चलते इतनी बड़ी संख्या में छात्र फेल हुए हैं। कहा कि कॉपी दोबारा जांची जानी चाहिए। कहा कि दो अप्रैल को श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू करेंगे। डाकपत्थर महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ. दीप्ति बगवाड़ी ने कहा कि महाविद्यालय को परीक्षा परिणाम का गजट उपलब्ध नहीं हुआ है। गजट उपलब्ध होने के बाद ही बताया जा सकता है कि कितने छात्र-छात्राएं फेल या पास हुए हैं।

चुनाव के संकल्पपत्र के लिए भाजपा को मिले 70 हजार सुझाव, जनसंख्या नियंत्रण सहित ये मुद्दे उठाए

देहरादून, एजेंसी।
भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में संकल्पपत्र एकत्रीकरण कमेटी के प्रदेश संयोजक और हरिद्वार लोस उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोकसभा चुनाव को लेकर सुझावों के संबंध में जानकारी।

उत्तराखंड भाजपा को लोकसभा चुनाव का संकल्पपत्र बनाने के लिए जो सुझाव प्राप्त हुए हैं, उनमें देश में जनसंख्या नियंत्रण करने और बदरीनाथ-केदारनाथ धाम की तर्ज पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का भी पुनर्निर्माण करने का सुझाव शामिल है। पार्टी को संकल्पपत्र के लिए प्रदेश में 70 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। इनमें 40 फीसदी सुझाव केंद्र सरकार को भेजे जाने लायक हैं।

पार्टी ने इनमें से छांटकर प्रमुख सुझाव केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिए हैं। इन सुझावों पर विचार करने के बाद भाजपा अपने राष्ट्रीय संकल्पपत्र में इन्हें शामिल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी को

मिले इन सुझावों में आयुष्मान भारत योजना की राशि बढ़ाने का सुझाव भी शामिल है। रिस्पना पुल स्थित पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में संकल्पपत्र एकत्रीकरण कमेटी के प्रदेश संयोजक और हरिद्वार लोस उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सुझावों के संबंध में जानकारी।

ये सुझाव पार्टी को पत्र, व्यक्तिगत, ऑनलाइन माध्यमों से सुझाव संकलन टीम को प्राप्त हुए। समाज के सभी वर्गों से सुझाव के रूप में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इनमें सेवानिवृत्ति कर्मचारी, मजदूर, रेहड़ी ठेली कर्मी, किसान, महिला, युवा, उद्यमी, वकील, डॉक्टर, खिलाड़ी, रंगकर्मी या रचनाकार एवं अन्य वर्गों से जुड़े लोग शामिल हैं।

कहा, प्राप्त सुझावों में से 60 फीसदी राज्य एवं 40 फीसदी केंद्र से संबंधित हैं। स्थानीय विषयों से संबंधित सुझाव राज्य सरकार को भेजे जा रहे हैं। केंद्र से जुड़े सुझावों को केंद्रीय नेतृत्व को आज भेजा जा रहा है। प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति संयोजक व सांसद नरेश बंसल ने कहा, पार्टी को प्रति विधानसभा 500 से 700 सुझाव मिलने की उम्मीद थी, लेकिन हर विस से औसतन 1000 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

सुझाव प्राप्त करने वाली समिति को बड़ी संख्या में लोगों ने अलग-अलग मुद्दों पर सुझाव दिए तो कुछ ने सुझाव के नाम पर पर्ची डाली की मोदीजी को हमारी राम-राम कह देना। त्रिवेंद्र ने कहा, अधिकांश सुझाव विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं को लेकर हैं। राज्य की जागरूक जनता ने पर्यावरण पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। कृषि को बढ़ावा देने और कृषि भूमि में सुधार को लेकर सुझाव आए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं एवं योजनाओं को बेहतर बनाने, देश के विकास की चुनौती बने ज्वलंत मुद्दों, व्यावसायिक प्रक्रियाओं की सरलता, प्रोफेशनल वर्ग के सुझाव, पर्यटन व शिक्षा नीति में सुधार एवं महिलाओं विधवा, वृद्धवस्था, युवा, छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।

मदरसे के कारिंदों ने महिला के साथ की दरिंदगी, सामूहिक दुष्कर्म के बाद उठाया ऐसा कदम हर कोई हैरान

विकासनगर, एजेंसी। थाना सहसपुर में मदरसे के तीन कारिंदों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार 19 जनवरी को सभावाला क्षेत्र के माजरी मदरसे में कार्यरत महिला के साथ कारी अली, कारी बुर्हान, कारी रुमान ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

इस बारे में किसी को बताने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। दुष्कर्म के बाद पीड़िता को गर्भ ठहर गया। जिसको गिराने के लिए कोई दवा खाई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। वर्तमान में देहरादून के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। चौकी इंचार्ज राजेश असवाल ने बताया कि तीनों आरोपित फरार हैं। जिनकी पकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

कोतवाली में एक व्यक्ति के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज कराया गया। एसएसआइ संजीत कुमार ने बताया कि लक्ष्मीपुर बरोटीवाला निवासी सत्यपाल सिंह ने मेहरबान उर्फ कालू निवासी बरोटीवाला के खिलाफ गाय को ले जाने व वापस मांगने पर गाय काटने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

कोतवाली में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ आइटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने दी तहरीर में कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी इंस्टाग्राम आइडी बनाई है। इसमें अश्लील भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। देहरादून में दुष्कर्म के इरादे से 15 वर्षीय किशोरी का पीछा कर छेड़छाड़ करने के दोषी को पोक्सो कोर्ट ने तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जज अर्चना सागर ने दोषी पर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसके अलावा पीड़िता को राज्य सरकार से प्रतिकर के रूप में 50 हजार रुपये दिलाने के निर्देश दिए हैं।

डोईवाला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

यह समय जनविरोधी भाजपा सरकार से निजात का हैः हरीश रावत

डोईवाला (दैनिक हाक): हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी विरेंद्र रावत का डोईवाला में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया । इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह वक्त देश को जनविरोधी भाजपा सरकार से छुटकारा दिलाने का है।

उन्होंने कहा कि डोईवाला में तहसील कार्यालय कांग्रेस पार्टी की देन है, जिस वजह से लोगों को देहरादून के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। उनके कार्यकाल में बुल्लावाला झबरावाला और कालूवाला में पुल स्वीकृत किया गया था, लेकिन हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान इन पुलों का निर्माण नहीं कराया।

हरिद्वार लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विरेंद्र रावत ने कहा कि भाजपा जुमला पार्टी बनकर रह गई है। देश में पिछले दस वर्ष में लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए कोई कार्य नहीं किया गया है। महंगाई चरम पर है।

पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि अग्निवीर योजना पहाड़ के लोगों के लिए छलावा मात्र है। वर्ष 2014 में हर बैंक खाते में 15 लाख रुपये देने का जुमला गढ़ा गया। वर्ष 2019 में प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा लोगों को ठगने वाली पार्टी बनकर रह गई है।

कांग्रेस के परवादून जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा, जनहित के लिए संघर्ष करने वाली पार्टी कांग्रेस ही है। जनता के बीच जाकर उनके मुद्दे उठाने वाली कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को पूरा विश्वास है कि जनता का भरपूर स्नेह और समर्थन हमें मिलेगा।

कांग्रेस के पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी ने कहा, कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने जनता के मुद्दों को आवाज देने के लिए सड़कों पर उतरकर भी संघर्ष किया है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के लिए एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया।

कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व नगर अध्यक्ष करतार नेगी ने कहा, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार है। हमें जनता से समर्थन मिल रहा है।

इस मौके पर कांग्रेस परवादून जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल,हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी शूरवीर सिंह सजवाण, पीसीसी सदस्य गौरव चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, नगर अध्यक्ष करतार नेगी, उमेद बोरा, रेखा बहुगुणा, मनोज नौटियाल, सागर मनवाल, प्रभा थापा, अफसाना अंसारी, बाला देवी, राहुल सैनी, स्वतंत्र बिष्ट, मुकेश प्रसाद, गौरव मल्होत्रा, अश्वनी बहुगुणा, आप नेता राजू मौर्या, अब्दुल रज्जाक, हाजी अब्दुल वहीद, ईश्वर चंद पाल, पन्नालाल गोयल, शाहरूख, शाकीर अली, जितेंद्र कुमार, संजय ठाकुर, महेश रावत, सुनील बर्मन, देवराज सावन, साजिद अली, अब्दुल कादिर, भारत भूषण कौशल, रंजीत सिंह, बुद्धदेव सेमवाल, नीरज त्यागी, राजेंद्र बिष्ट, फूल सिंह वर्मा, सचिन थापा, प्रमोद कपरूवान शास्त्री,आचार्य नरेश आनंद नौटियाल,ताजेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, सावन राठौर, शुभम कांबोज, शंकर सिंह कनियाल, विक्रम सिंह यादव, लक्ष्मण बिष्ट, सुनील सैनी, मनीष यादव, अजय सैनी, बाबू शर्मा, इलियास, आरिफ अली, अकरम, उस्मान,वसीम, बाबू लाल, नरेश मनवाल, महेश लोधी, अमन बिष्ट, रफल सिंह, सुनील दत्त, विजय पाठक आदि उपस्थित रहे।

एसआरएचयू जौलीग्रांट में महिला सशक्तिकरण को किया मंथन

डोईवाला (दैनिक हाक): स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट में 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (एनएएसआई) उत्तराखंड चौप्टर के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में देशभर से विशेषज्ञ जुटे। वक्ताओं ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अहम योगदान बताया।

शुक्रवार को एसआरएचयू के रिसर्च सेल की ओर से हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ संस्थापक डॉ. स्वामी राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पद्म भूषण व नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया (एनएएसआई) की चेयरपर्सन डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि परिवार में महिला की भूमिका अहम होती। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य विविध क्षेत्रों में महिलाओं की आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक शक्ति को बढ़ाना है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं ने पारंपरिक मानसिकता पर काबू पाया है और शिक्षण, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, परमाणु विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐसे कई विशिष्ट क्षेत्रों जैसे व्यवसायों में उत्कृष्टता हासिल की है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.विजय धस्माना ने कहा कि विकसित समाज के लिए जरुरी है नारी का सम्मान। विज्ञान और तकनीक का अगर सही से इस्तेमाल किया जाए तो महिलाएं और अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। डॉ.धस्माना ने कहा कि पलायन से खाली हो रहे गांव में विज्ञान एवं तकनीक के सहयोग से रोजगार सृजन कर सकते हैं। यहाँ की अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से कृषि, पशुपालन, पर्यटन पर निर्भर है। यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है

स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति व राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी उत्तराखंड चौप्टर के नवनियुक्त अध्यक्ष व डॉ.राजेन्द्र डोभाल ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को विज्ञान एंव तकनीक विकास पूरा कर रहा है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि महानिदेशक शैक्षणिक विकास डॉ. विजेन्द्र चौहान ने कहा कि आदि काल से महिलाओं को परिवार में विशेष दर्जा हासिल है जो समय के साथ बदलता रहा है।

विशेष अतिथि डॉ. परमजीत खुराना ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। रिसर्च सेल की निदेशक डॉ.बिन्दु डे ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. मुकेश बिजल्वाण व विश्वविद्यालय के समस्त कॉलेजों के प्रिंसिपल व फैकल्टी मौजूद रहे। कार्यशाला के संचालन में डॉ.निक्कू यादव, डॉ.गीता भंडारी, डॉ.नुपूर जोशी, डॉ.प्रवीण तिवारी, डॉ.विवेक कुमार, डॉ.अर्चना धस्माना, अभिनव, आकांक्षा सहित डीएवी कॉलेज से डॉ.प्रशांत सिंह व कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने सहयोग दिया।

राज ने ठुकराया भाजपा का प्रस्ताव

मनसे के शिवसेना में विलय को भी नहीं मानेंगे ठाकरे

सुधीर जोशी*

महाराष्ट्र की राजनीति में क्षेत्रीय दल की हैसियत रखने वाले मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की ओर जरा ज्यादा ही ध्यान लगा हुआ है। पिछले दिनों दिल्ली में बैठे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व अमित शाह ने राज ठाकरे को दिल्ली में मिलने के लिए बुलाया। अमित शाह ने मुलाकात के दौरान अमित शाह ने तीन प्रस्ताव रखे। लोकसभा चुनाव के पहले महाराष्ट्र की राजनीति में तेजी से बदलाव हो रहा है। राज्य की राजनीति का रुख पलटने की क्षमता रखने वाली एक बैठक दिल्ली में अमित शाह तथा राज ठाकरे की उपस्थिति में हुई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह से मुलाकात की। बैठक 40 मिनट तक चली। बैठक में सकारात्मक चर्चा हुई, इस चर्चा के बाद कहा जा रहा है कि जल्द ही मनसे भी राज्य सरकार का चौथा इंजन बन जाएगा।

मुंबई में उद्धव ठाकरे की ताकत है। अगर ठाकरे लोकसभा के जरिए मुंबई में धूम मचाते हैं तो वह वापसी कर सकते हैं, इससे उन्हें विधानसभा और मनपा चुनाव में फायदा होगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव की कालावधि में ही राज्य के विधानसभा तथा मनपा चुनाव की दृष्टि से भी काम करना शुरु कर दिया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे के समक्ष भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने तीन प्रस्ताव रखे, जिन पर विचार करने की बात राज ठाकरे ने कही। कहा जा रहा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अबकी बार, 400 पार का लक्ष्य पार करने के लिए बहुत ही सार्थक रणनीति बनाई है, इसके तहत जैसे भी हो लक्ष्य पाने का संकल्प लिया गया है, उसी के हिस्से के रूप में भाजपा राज ठाकरे को महागठबंधन कान हिस्सा बनाना चाहती है।

महागठबंधन में वर्तमान में शिवसेना–राकांपा तथा कांग्रेस पार्टियां हैं। लोकसभा में सीटों के बंटवारे को लेकर इनके बीच खींचतान चल रही है। राज को भाजपा एक या दो सीटें दे सकती है। इस बात की पूरी संभावना है कि दक्षिण मुंबई सीट मनसे के

लिए छोड़ दी जाएगी। वहां से पूर्व विधायक बाला नांदगांवकर की उम्मीदवारी लगभग तय मानी जा रही है। निर्वाचन क्षेत्र में महागठबंधन की ताकत को देखते हुए, इस बात की अधिक संभावना है कि नांदगांवकर जीतेंगे, अगर ऐसा हुआ तो मनसे पहला सांसद होगा।

अपनी स्थापना के बाद से, मनसे ने एकला चलो रे की भूमिका निभाई है। 2009 में हुए चुनाव में पार्टी के 13 उम्मीदवार जीते थे, लेकिन फिर पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। 2014, 2019 में एक–एक उम्मीदवार विधानसभा के लिए चुने गए। पार्टी को अभी तक लोकसभा जीतना बाकी है। गठबंधन के सामने मनसे की ताकत कम हो जाती है। महागठबंधन में शामिल होने पर राज को फायदा हो सकता है। महायुति के सत्ता में रहने से मनसे को भी फायदा होगा, ऐसा राजनीतिक विश्लेशषकों का कहना है।

शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे ने भाजपा के साथ गठबंधन किया था, ये गठबंधन हिंदुत्व के मुद्दे पर किया गया था। लेकिन बाला साहेब के पुत्र उद्धव ठाकरे ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़कर कांग्रेस और राकांपा के साथ गठबंधन कर लिया है, इसकी भाजपा और शिंदेसेना ने आलोचना की है। अगर राज महागठबंधन में शामिल हुए तो इससे भाजपा, शिंदेसेना के साथ–साथ राज ठाकरे को भी फायदा होगा, चूंकि मनसे तथा भाजपा– शिवसेना की विचारधारा समान है, इसलिए राज को अपनी भूमिका नहीं बदलनी चाहिए। बाला साहेब के शासन में रहे राज ठाकरे के भाजपा में शामिल होने पर उद्धव ठाकरे और अधिक ताकतवर हो जाएंगे।

महागठबंधन में शामिल पार्टियों में भाजपा, शिवसेना की विचारधारा हिंदुत्ववादी है, उसमें अगर राज ठाकरे भी जाए जाएंगे तो महागठबंधन के मतों का प्रतिशत और ज्यादा बढ़ जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से लोकसभा चुनाव में मनसे को एक या दो सीटें देने की बात कही है। राज ठाकरे राज्य भर में महायुति उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे और सभाएं करेंगे। अगर ऐसा हुआ तो राज के भाषण में कई ऐसी बातें आ सकती हैं जो भाजपा नेता नहीं कह सकते। राज ठाकरे वो कह सकते हैं जो भाजपा नेताओं को बोलने से मना किया गया है। वह ठाकरे शैली में विरोधियों, खासकर उद्धव ठाकरे से मुकाबला कर सकते हैं।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने विगत 19 मार्च को केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात क् बाद इस बात के संकेत मिले कि राज ठाकरे महायुति में शामिल होंगे। राज ठाकरे की मनसे ने 2019 में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। उस चुनाव में उन्होंने पूरे महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रचार किया था। राज ठाकरे का बयान शलव रे टू वीडियोश बेहद चर्चित रहा था, लेकिन अब पांच वर्ष बाद राज्य में राजनीतिक हालात बहुत बदल गए हैं और राज ठाकरे ने भी अपनी राजनीतिक भूमिका बदल ली है। राज ठाकरे ने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के पक्ष में हवा बनाने की ठान ली है।

प्रदेश भाजपा नेताओं ने मुंबई में राज ठाकरे से मुलाकात की, इसके बाद राज ठाकरे अपने बेटे अमित ठाकरे के साथ सोमवार रात करीब दस बजे दिल्ली पहुंचे। चूंकि राज ठाकरे महाराष्ट्र और मराठी लोगों की राजनीति का नेतृत्व कर रहे हैं, इसलिए वह राजनीतिक बैठकों के लिए कम ही दिल्ली जाते हैं, लेकिन इस बार भाजपा के शीर्ष नेताओं के आग्रह पर न सिर्फ दिल्ली आये, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समय देने तक दिल्ली में ही रहे। सोमवार रात एक पांच सितारा होटल में ठहरे राज ठाकरे ने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें जैसा बताया गया था, वैसे ही दिल्ली पहुंचे हैं। शाह से मुलाकात के दौरान राज ठाकरे के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी थे। उन्होंने कहा कि शाह और ठाकरे के बीच मुलाकात काफी सकारात्मक रही, उसके बाद राज ठाकरे सीधे मुंबई के लिए रवाना हो गए।

महाविकास आघाड़ी में शिवसेना–उद्धव ठाकरे समूह के वोटों को विभाजित करने के लिए राज ठाकरे की मनसे को मुंबई, उत्तर महाराष्ट्र आदि जैसे कुछ क्षेत्रों में फायदा हो सकता है, माना जा रहा है कि भादपा का लक्ष्य मुंबई में शिवसेना–ठाकरे समूह के मराठी वोटों को विभाजित करना है। भाजपा ने राज ठाकरे को इसके लिए मना लिया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे की मनसे ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था. हालांकि, अक्टूबर–नवंबर 2019 के विधानसभा चुनाव में मनसे ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से 1 सीट मनसे ने जीती थी. मनसे के 10 उम्मीदवार दूसरे और 25 उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे. मनसे को 2.3 फीसदी वोट मिले. साथ ही 2014 के लोकसभा चुनाव में मनसे ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था. उनका कोई भी उम्मीदवार जीत नहीं सका. 9 उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे. 2014 में एमएनएस को 1.5 फीसदी वोट मिले थे. 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी, इसलिए एमएनएस के ढाई फीसदी वोट भी अहम होंगे। कहा जा रहा है कि भाजपा इन वोटों के लिए राज ठाकरे की एमएनएस को महागठबंधन में शामिल करने की कोशिश कर रही है।

राज ठाकरे ने अमित शाह से बीजेपी को कांग्रेस, राकांपा और मनसे से नेता आयात करने पड़ रहे हैं. हमें यह कहना होगा कि भाजपा हाशिए की सुबह हैआगामी लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे महागठबंधन में रहेंगे. राज ठाकरे दिल्ली से मुंबई लौट आए हैं और मनसे नेता बाला नांदगांवकर और अविनाश जाधव ने उनसे मुलाकात की।

राज ठाकरे से मुलाकात के बाद बाला नांदगांवकर ने मीडिया से बातचीत की. नादगांवकर ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा, राज ठाकरे और अमित ठाकरे कल दिल्ली गए थे. उन्होंने दिल्ली में अमित शाह के साथ बैठक की. आज वे मुंबई पहुंच गए हैं. मुंबई आने के बाद अविनाश जाधव और मैं उनसे मिले. अमित शाह की बैठक में सकारात्मक चर्चा हुई है। अगले 2–4 दिन में फैसला ले लिया जाएगा। –दैनिक हाक फीचर्स

(*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 11वां तल, टावर ए, पेनिंसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुम्बई 400013
शाखा का पताः टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 59/3, द्वितीय तल, आईडीबीआई बैंक के ऊपर राजपुर रोड, देहरादून उत्तराखण्ड पिन कोड- 248001

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अन्तर्गत

प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा नियम 9 (1) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल) के पास गिरवी नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (प्रतिभूति क्रेडिटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा कर लिया गया है, कुल राशि की वसूली के लिये 'जैसा है जहां है' एवं 'जो भी वहां है' तथा 'जो भी जैसा है' के आधार पर **18.04.2024** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि का विवरण नीचे वर्णित है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के स्थगन/रोकने की अनुपस्थिति में उक्त सम्पत्ति की ई–नीलामी **18.04.2024** को 2:00 बजे अपरान्ह में की जाएगी। ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मुहरबन्द ई–नीलामी **16.04.2024** के **5.00** बजे अप. तक अथवा उससे पूर्व शाखा कार्यालय टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 59/3, द्वितीय तल, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, राजपुर रोड, देहरादून उत्तराखण्ड, पिन कोड– 248001 पर प्राप्त की जाएगी।
सुरक्षित / अचल सम्पत्ति की बिक्री 'जैसा है जहां है' के आधार पर निम्न वर्णित संक्षिप्त विवरणानुसार की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता सं.	ऋणधारक और सह ऋणधारक व कानूनी उत्तराधिकारी(ओं)/ कानूनी प्रतिनिधी (यों)/गारंटर(रों) के नाम	मांग सूचना के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	अग्रिम धनराशि	कब्जे का प्रकार
1.	10143152 & TCHHF 0374000 100066788	श्री राहुल शर्मा पुत्र श्री सतीश कुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा, श्रीमती साधना शर्मा पत्नी श्री सतीश कुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा श्री सतीश कुमार शर्मा उर्फ श्री सतीश शर्मा पुत्र श्री पारस राम शर्मा।	ऋण खाता सं. 10143152 के अंतर्गत रु.86,51,709/– (रुपये छियासी लाख इक्यावन हजार सात सौ नौ मात्र) की राशि आप पर बकाया तथा आपके द्वारा देय तथा ऋण खाता सं. TCHHF0374000100066788 के अन्तर्गत रू. 13,24,022/– (रुपये तेरह लाख चौबीस हजार बाईस मात्र) की राशि आप पर बकाया तथा आपके द्वारा देय है, अर्थात् कुल रू. 99,75,731/– (रुपए निन्यानवे लाख पचहत्तर हजार सात सौ इकतीस मात्र) 20-12-2022	रु. 75,00,000/– (रुपये पिचहत्तर लाख मात्र)	रु. 7,50,000/– (रुपये सात लाख पचास हजार मात्र)	भौतिक

अचल सम्पत्ति का विवरणः मौजा ग्राम रायपुर, परगना परवादून, जिला देहरादून (उत्तराखण्ड) में स्थित आवासीय सम्पत्ति माप 217.79 वर्ग मीटर जो खसरा नं. 1560, खाता नं. 247 (फसल वर्ष 1399-1404) में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्से के साथ बिक्री प्रलेख में वर्णित सभी सामूहिक सुविधाएं। **चौहद्दीः** पूर्वः नाली (साइड 43'), पश्चिमः 12 फीट चौड़ी रोड (साइड 43'), उत्तरः श्री सुन्दर लाल की भूमि (साइड 57'), दक्षिणः विक्रेता की भूमि (साइड 52'),

नीलामी में जनसामान्य को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली जमा करने के लिए आमन्त्रित किया जाता है। ऋणकर्ता(ओं)/ सहऋणकर्ता(ओं) को अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे सूचना प्रकाशन के **15 दिन** के भीतर समस्त बकाया आगे के ब्याज सहित भुगतान कर दें अन्यथा अचल सम्पत्ति की बिक्री अनुसूची के अनुसार कर दी जायेगी। यदि प्राधिकृत अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाये, ब्याज एवं लागत (बिक्री लागत आदि) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रतिभूति ऋण की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो यह बिक्री रोक दी जाएगी। ऐसे किसी भी अधिकारी या व्यक्ति जिन्हें इस बिक्री के सिलसिले में किसी भी प्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करना हो, चाहे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति में कोई हित अर्जित या अर्जित करने का प्रयास नहीं करेंगे। यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा अधोलिखित शर्तों के अधीन होगी।
नोटः ई-नीलामी बिक्री उपरोक्त लिखित तिथि को 10 मिनट प्रत्येक के सीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 18.04.2024 को अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित की जायेगी।

नियम एवं शर्तेः-

1. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किये गये हैं, लेकिन इस उद्घोषणा में किसी गलती अथवा खामी के लिये अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से सम्बन्धित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से नीलामी पर प्रस्तुत किया जायेगा। **2.** आरक्षित मूल्य से कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी। **3.** बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/– (रूपये दस हजार मात्र) होगी। **4.**सम्पत्ति की खरीद के लिये जमा की गई सभी निविदाओं के साथ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.'** के पक्ष में शाखा कार्यालय के पते पर देय भुगतान योग्य डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा धरोहर राशि संलग्न की जायेगी। असफल बोलीदाता का डिमाण्ड ड्राफ्ट नीलामी के बाद वापस लौटा दिया जायेगा। अग्रिम धनराशि एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस द्वारा जमा करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें। **5.** उच्चतम बोलीदाता को इसी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा बशर्ते वे कानूनी रूप से बोली करने के लिये योग्य हों तथा उनके द्वारा जमा राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं हो। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होता है तो प्राधिकृत अधिकारी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को अस्वीकार कर सकते हैं। **6.** दर्ज कारणों से प्राधिकृत अधिकारी को स्वेच्छा से बिक्री को स्थगित करने/रोकने का अधिकार है। **7.** सम्पत्ति का निरीक्षण **10.04.2024** (निरीक्षण दिनांक) को **11 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे सायं** तक पूर्व नियुक्ति पर किया जा सकता है। **8.** सफल क्रेता घोषित किये जाने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी के पास 25 प्रतिशत क्रय मूल्य जिसमें ईएमडी राशि शामिल है, का भुगतान 24 घण्टे के भीतर करना होगा तथा उसे जमा करने में विफल होने पर सम्पत्ति की फिर से नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री की जायेगी। **9.** यदि उपरोक्त रूप से आरम्भिक जमा की जाती है तो शेष क्रय मूल्य का भुगतान क्रेता को सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उस दिन को छोड़कर, अथवा यदि 15 वां दिन अवकाश या रविवार होता है तो पन्द्रहवें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस में प्राधिकृत अधिकारी के पास करना होगा। **10.** उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक करने पर सम्पत्ति की फिर से नीलामी/निजी संधि के द्वारा सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी। ईएमडी सहित जमा की गई राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. के लिये जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस सम्पत्ति अथवा उस राशि के किसी भाग से वंचित हो जाएंगे जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी। **11.** टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. को ज्ञात ऐसे किसी अधिभारों का विवरण जो सम्पत्ति पर देय हैः उपरोक्त तालिका के अनुसार। सम्पत्ति पर प्रस्तुत की गई दावे तथा उस प्रकृति एवं मूल्य के अन्य किसी ज्ञात अधिकारों का विवरणः ऊपर तालिका के अनुसार, इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि सांविधिक देयताओं, सम्पत्ति कर, बिजली के बकाये आदि सहित सम्पत्ति पर अधिभारों से सम्बन्धित अपनी स्वयं की स्वतन्त्र जांच कर लें। **12. अन्य किसी विवरणों अथवा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिये सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, M/s. 4Closure, Block No.605 A, 6th Floor, Maitrivanam Commercial Complex, Ameerpet, Hyderabad - 500038 समन्वयकों के माध्यम से श्री अरिजीत कुमार दास, 8142000725, 8142000066, 8142000062 इमेल :- arijit@bankauctions.in एवं इमेल : info@bankauctions.in से अथवा मनीष बंसल, ईमेल आईडीः Manish.Bansal@tatacapital.com, प्राधिकृत अधिकारी, मोबाइल नम्बर 8588983696. कृपया अपना प्रश्न WhatsApp नम्बर- 9999078669 पर भेजें।** **13.** उच्चतम बोलीदाता पर 1% टीडीएस लागू होगा जो उसे उच्चतम घोषित बोली की धनराशि पर देय होगा। इस धनराशि को उसे स्वामी/ऋणकर्ता के PAN में जमा करना होगा और चालान की प्रति कम्पनी को देनी होगी। **14.** उपरोक्त विवरणों के लिये कृपया प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट में दी गई लिंक **website http://surl.li/rvvxf** देखें। **15.** कृपया लिंक पर भी जाएं https://www.tatacapital.com/property-disposal.html

कृपया ध्यान दें: टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति की बिक्री के लिये उपरोक्त वर्णित बिक्री सहभागी के अतिरिक्त किसी दलाल/प्रतिनिधि को नियुक्त नहीं किया है। इच्छुक व्यक्ति को समस्त प्रकार की जानकारी के लिए केवल अधोलिखित प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए।

ह./–
स्थानः देहरादून — **प्राधिकृत अधिकारी,**
दिनांकः 30.03.2024 — **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**